भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1753

दिनांक 03 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विद्युत क्षेत्र अनुसंधान और इलेक्ट्रिकल उपकरण परीक्षण को सुदृढ़ करना

1753. डा. अजित माधवराव गोपछड़ेः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राज्य विद्युत उपयोगिताओं द्वारा प्रयुक्त विद्युत उपकरणों के परीक्षण, अनुसंधान तथा निष्पादन मूल्यांकन के लिए केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) तथा महाराष्ट्र सरकार के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करने हेतु कोई पहल की है अथवा ऐसा करने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या पुरानी पड़ चुकी पारेषण एवं वितरण अवसंरचना के आधुनिकीकरण हेतु महाराष्ट्र सरकार द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय निवेशों को देखते हुए, सरकार ने राज्य को सीपीआरआई की परीक्षण, गुणवत्ता प्रमाणन तथा तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करने की सलाह दी है; और

(ग) क्या सरकार विद्युत उपकरण परीक्षण तथा विद्युत क्षेत्र अनुसंधान के लिए समस्त राज्य सरकारों को सीपीआरआई के साथ सहयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने वाली कोई राष्ट्रीय रूपरेखा तैयार करने का विचार रखती है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : महाराष्ट्र सरकार के साथ लंबे समय से सहभागिता के अंतर्गत केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) की नागपुर स्थित क्षेत्रीय इकाई, जो तीन दशकों से अधिक समय से कार्यरत है, थर्मल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनुसंधान और परामर्श सेवाएं प्रदान कर रही है।

इसके अलावा, इस क्षेत्र में परीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सीपीआरआई ने महाराष्ट्र सरकार की सहायता से हाल ही में नासिक में एक क्षेत्रीय परीक्षण प्रयोगशाला (आरटीएल) का प्रचालन किया है। प्रयोगशाला में ट्रांसफार्मर और स्विचगियर के शॉर्ट-सर्किट परीक्षण, ऊर्जा मीटर और ट्रांसफार्मर इन्सुलेटिंग ऑयल आदि के परीक्षण सहित कई प्रकार की सुविधाएं हैं, जिससे क्षेत्र में विद्युत उपकरण परीक्षण अवसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है।

(ख) : भारत सरकार ने विद्युत क्षेत्र के आधुनिकीकरण में गुणवत्ता आश्वासन, परीक्षण और तकनीकी मूल्यांकन की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना है। सीपीआरआई, देश भर में विद्युत यूटिलिटी और निर्माताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त परीक्षण, प्रमाणन, अनुसंधान, परामर्श और तकनीकी सेवाएं प्रदान करता है।

सीपीआरआई ने महाराष्ट्र सरकार की सहायता से, नागपुर और नासिक में क्षेत्रीय सुविधाएं स्थापित की हैं, जिससे राज्य में विद्युत यूटिलिटी और उद्योगों की विश्व स्तरीय परीक्षण और तकनीकी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है। राज्य विद्युत यूटिलिटी को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि पारेषण और वितरण प्रणालियों में लगे विद्युत उपकरणों की गुणवत्ता, सुरक्षा, विश्वसनीयता, निष्पादन और विनियामक का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके, जिससे एक सुदृढ़ और लचीले पारेषण और वितरण नेटवर्क के विकास में योगदान मिल सके।

(ग) : सीपीआरआई, देश भर में स्थित अपनी आठ अत्याधुनिक परीक्षण प्रयोगशालाओं के साथ, विद्युत यूटिलिटी, निर्माताओं और विद्युत क्षेत्र के अन्य हितधारकों की परीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। मौजूदा परीक्षण अवसंरचना को लगातार बेहतर बनाने के साथ-साथ, यह राज्य सरकारों से मिलने वाले अनुरोधों के आधार पर क्षेत्रीय मांग, तकनीकी ज़रूरतों और तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता के आकलन के उपरांत अपनी क्षेत्रीय परीक्षण सुविधाओं का भी विस्तार करता है।

****